नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लि.
(भारत सरकार तथा सहभागी राज्य का संयुक्त उपक्रम)

प्रेस रिलीज

नई दिल्ली, दिनॉक :22.02.2019

एनएचएसआरसीएल (**NHSRCL**) अपनी हाई स्पीड ट्रेन (बुलेट ट्रेन) के नामकरण तथा इसके शुभंकर (**Mascot**) की डिजाइनिंग के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करता है

एनचएसआरसीएल (NHSRCL) अपनी पहली बुलेट ट्रेन को नाम देने तथा इसका शुभंकर (mascot) (जैसे कि एयर इंडिया के लिए महाराजा या भारतीय रेलवे के लिए भोलू) डिज़ाइन करने के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करता है। शुभंकर अनिवार्य रूप से अच्छी तरह से डिज़ाइन किया हुआ पात्र होना चाहिए जो एनचएसआरसीएल के प्रणालीगत मूल्यों को मूर्त रूप प्रदान कर सके और यह प्रभावी रूप से संप्रेषण में भी सक्षम होना चाहिए।

बुलेट ट्रेन का नामकरण इसे एक पहचान प्रदान करने वाला होना चाहिए और बुलेट ट्रेन से लोगों को आत्मीय रूप से जोड़ने में मददगार होना चाहिए।

लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए www.mygov.in पर एक खुली ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जहाँ प्रतिभागी 25 मार्च 2019 तक अपनी प्रविष्टियाँ जमा कर सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी उपर्युक्त वेबसाइट पर लॉग इन करके अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ट्रेन का नाम एक नामित समिति के माध्यम से चयनित किया जाएगा और विजेताओं को प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी की पुष्टि करने वाले प्रमाण पत्र के साथ-साथ नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक श्रेणी में पाँच सांत्वना पुरस्कार भी होंगे जिनकी प्रविष्टियाँ जीतने वाली प्रविष्टि के समान ही होंगी, लेकिन कुछ मामूली विवरणों के कारण नहीं जीत सकेंगी।

वर्ष 2017 में अपनाया जाने वाला संगठन का 'लोगो' गति का प्रतीक है और इसे "चीता" द्वारा निरूपित किया गया है, जबकि लाल और नीली रेखाएं शांति और विश्वसनीयता का प्रतीक हैं।

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) भारत सरकार तथा सहभागी राज्य सरकारों की संयुक्त क्षेत्र की कंपनी है जिसका गठन मुंबई और अहमदाबाद के मध्य हाई स्पीड ट्रेन कॉरिडोर प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के लिए किया गया है।

सुषमा गौड़
अतिरिक्त महा प्रबंधक
कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन
एनएचएसआरसीएल